संख्या-1/7/97-का-4/2001

प्रेषक,

प्रदीप शुक्ला,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ:: दिनाँक:: 16 मार्च, 2001

विषय- उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर्स महासंघ के सम्मेलन / चुनाव में भाग लेने हेतु दिनाँक 17 एवं 18 अप्रैल, 2001 का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के संबंध में ।

महोदय,

उत्तर प्रदेश सरकार स्टेनोग्राफर्स महासंघ द्वारा दिनाँक 17 एवं 18 अप्रैल, 2001 को जिला परिषद हाल गोरखपुर में सम्मेलन/ चुनाव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सम्मेलन में महासंघ से सम्बद्ध विभिन्न संघों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जायेगा ।

2- उपर्युक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा उक्त सम्मेलन/ चुनाव के अवसर पर दिनाँक 17 एवं 18 अप्रैल, 2001 को सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः उक्त सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(प्रदीप शुक्ला)
सचिव ।

संख्या-1/7/97(1)-का-4/2001, तद्दिनाँक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- समस्त विभागाध्यक्ष / प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त मण्डलायुक्त / जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
3- प्रान्तीय महामंत्री, उ0प्र0 सरकार स्टेनोग्राफर्स महासंघ कमरा नम्बर-809, जवाहर भवन, लखनऊ ।

आज्ञा से,

(डी0के0वर्मा)
विशेष सचिव ।